थापर पॉलिटेक्निक कॉलेज में 52वीं वार्षिक एथलीट मीट

THAPAR INSTITUTE
OF ENGINEERING & TECHNOLOGY
(Deemed to be University)

दैनिक भास्कर
Page: 03, Dated 28-02-2026

थापर पॉलिटेक्निक कॉलेज में 52वीं वार्षिक एथलीट मीट



एजुकेशन प्लस

पटियाला | थापर पॉलिटेक्निक कॉलेज ने टीआईईटी परिसर के सिंथेटिक ट्रैक पर 52वीं वार्षिक एथलेटिक मीट करवाई। इसकी शुरुआत छात्रों के मार्चपास्ट से हुई। ध्वजारोहण और राष्ट्रगान की प्रस्तुति ने माहौल को गर्व और देशभक्ति से भर दिया। मुख्य अतिथि ने औपचारिक रूप से मीट के उद्घाटन की घोषणा की, जिसके बाद शपथ समारोह हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पलविंदर सिंह चीमा, पुलिस अधीक्षक और कॉमनवेल्थ गेम्स फ्रीस्टाइल कुश्ती में स्वर्ण पदक विजेता ने शिरकत की। पदमकुमार नायर (वाइस चांसलर), डॉ. अजय बातिश (प्रो वाइस चांसलर), और डॉ. गुरबिंदर सिंह (डायरेक्टर) ने अपने विचार शेयर किए। प्रिंसिपल डॉ. अंकुश कंसल ने स्पोर्ट्स की अहमियत पर जोर दिया। स्प्रिंट, रिले, जंप और थ्रो सहित अलग-अलग ट्रैक एंड फील्ड इवेंट्स में 800 से ज्यादा स्टूडेंट्स ने हिस्सा लिया। स्टेट और नेशनल लेवल पर बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले छात्रों को सम्मानित किया गया।